# जिला ग्रामीण विकास शाखा, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

(Email:-ddc-wss@nic.in)

पत्रांक 566 (जि०ग्रा०) दिनांक 12-06-2025

प्रेषक,

उप विकास आयुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
झारखण्ड, राँची।

विषय :– प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर PMU गठन हेतु विभिन्न पदों पर रिक्तियों के विरूद्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु Link उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर PMU गठन हेतु रिक्तियों के विरूद्व विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है।

अतः विज्ञापन की प्रति इस प्रति के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि रिक्तियों के आलोक में विभागीय Recruitment Portal – "https//applyrdd.jharkhand.gov.in" पर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु Link उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– विज्ञापन की प्रति।

विश्वासभाजन

Chandan
05/06/25

उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

# जिला ग्रामीण विकास शाखा, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर गठित (PMU) में संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी सूचना :–**

**विज्ञापन सूचना संख्या–01/2025**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–1016 (अनु०)/ग्रा०वि०–10PMAY–G 54/2016 दिनांक–01.03.2017 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय (PMU) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्तियों की संख्या एवं अहर्त्ता निम्नवत् है :–

**रिक्त पदों की विस्तृत विवरणी :–**

| क्रमांक | आवेदित पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | उम्र सीमा | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | EWS | कुल | | |
| 01 | प्रखण्ड समन्वयक | 01 | 02 | 00 | 01 | 04 | 22–45 वर्ष | 18,000/– |
| 02 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 03 | 03 | 00 | 01 | 07 | 18–30 वर्ष | 10,000/– |

**शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अहर्त्ता :–**

| पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|
| प्रखण्ड समन्वयक | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से रूरल मैनेजमेंट/को–ऑपरेटिव मैनेजमेंट/सोशल वर्क में स्नातक उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का कार्यानुभव।<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का कार्यानुभव। |
| लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थानों से वाणिज्य (Commerce) विषय में इंटरमिडिएट उत्तीर्ण एवं Diploma in Computer Application (DCA) के साथ छः माह का कार्यानुभव तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण दक्षता अनिवार्य। |

नोट :–
1. आरक्षण रोस्टर के आधार पर रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकता है।
2. संविदा आधारित नियुक्ति के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण एवं अन्य निदेश लागू होंगे।
3. उम्र–सीमा की गणना दिनांक 01.01.2025 के आधार पर की जाएगी।
4. विज्ञापन में किसी कारणवश आंशिक संशोधन या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को सुरक्षित होगा।
5. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन कार्यालय ज्ञापांक–515/जि०ग्रा० दिनांक–25.08.2022 (PR276472 West Singhbhum 22-23*D) को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है।

**आवेदन करने की प्रक्रिया**

आवेदकों को Rural Development, Government of Jharkhand के Recruitment Portal – "https//applyrdd.jharkhand.gov.in" पर जाकर Online आवेदन करना होगा, जहाँ नियुक्ति से संबंधित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध है। आवेदन दिनांक 17.06.2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 02.07.2025 तक भरा जायेगा।

ह०/–
उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

u

ज्ञापांक : 565 (जि०ग्रा०) दिनांक : 12 / 06 / 2025

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि 03 (तीन) दैनिक समाचार पत्रों में उक्त विज्ञापन प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को अविलम्ब जिला के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Chandan 05/06/25

उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।